संक्षिप्त

परशुराम जन्म महोत्सव 30 को

श्रीमाधोपुर। सर्व ब्राह्मण समाज अजीतगढ़ के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक मंगलवार को आयोजित हुई।महामंत्री शिंभू दयाल भारद्वाज ने बताया कि 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। महोत्सव की तैयारियों हेतु जिम्मेदारियां विभक्त करने के उद्देश्य से आज गुरुवार शाम पांच बजे पुन: बैठक रखी गई है। इस अवसर पर समाज सेवी महेश जोशी, भरत शर्मा, हीरालाल भिंडा, मूल शंकर गोठवाल, मुकेश भिंडा, दिनेश गोविंद शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

दौसा। जिला स्तरीय जनसुनवाई 17 अप्रेल, गुरुवार को सुबह 11 बजे से यहां जिला कलक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीसी कक्ष में आयोजित की जाएगी। सहायक निदेशक लोक सेवाएं एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीना ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में आमजन की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया जाएगा। उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी संबंधित ब्लॉक के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे।

आरोपी गिरफ्तार

दूदू। निकटवर्ती मोजमाबाद थाने की पुलिस ने गत दो वर्ष पूर्व थाने में दर्ज प्रकरण महिला के साथ सोने की नथ लूटने के प्रकरण में खरीदने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया थाना प्रभारी उमराव सिंह ने बताया कि 2023 में हनुमान जाट निवासी मीरा पुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराएगी मेरी मां छोटी देवी खेत पर जा रही थी इस दौरान जनता पब्लिक स्कूल के पीछे रोड पर मोटरसाइकिल पर सवार लोगों ने लूट के वारदात को अंजाम दिया था प्रकरण में वांछित आरोपी घनश्याम कुमावत निवासी आसलपुर वर्तमान नया मौजा गिरफ्तार कर लूटी गई सोने की नथ बरामद कर ली है आरोपी से पूछताछ जारी है।

श्रद्धांजलि दी

शाहपुरा। राजस्थान शिक्षक कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एवं राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के सदस्य व समाज सेवी शिक्षक बी.एल. सैनी निवासी पटेल नगर अमरसर शाहपुरा का मंगलवार शाम को आकस्मिक निधन हो गया। सैनी का बुधवार को उनके पैतृक गांव अमरसर पटेल नगर में अन्तिम संस्कार किया गया। सैनी के निधन पर पत्रकार विजयपाल सैनी शाहपुरा, एडवोकेट महेश सैनी, मुकेश सैनी, नारायण सैनी, पार्षद हनुमान सैनी, घनश्याम सैनी, शाहपुरा कांग्रेस बी ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी, मुकेश सैनी ने सैनी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि बी.एल. सैनी का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षित है।

एडीएम ने प्रदान किया चैक

कोटपूतली। कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने आदेश जारी कर मुख्यमंत्री सहायता कोष से प्रार्थी विनोद पुत्र सुलतान बलाई को घायल श्रेणी में 20 हजार की राशि एवं सजना देवी के पति स्व. ताराचन्द को करंट लगने से मृत्यु होने के कारण 01 लाख की राशि स्वीकृत की हैं। बुधवार को एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने सहायता राशि का चैक प्रार्थियों को प्रदान किया।

किसान यात्रा का स्वागत

टोंक। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर किसान कांग्रेस दल द्वारा पूरे राज्य में किसान जागृति यात्रा जयपुर से रवाना हुयी, जो 16 अप्रेल को टोंक पंहुची जहां जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा में यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान किसान कार्ग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष शिव भगवान नागा के नेतृत्व में यह यात्रा टोंक पहुँची, जहाँ पर मोहनलाल मीणा जिला संयोजक, एवं एडवोकेट संजय सिहं गुर्जर जिला प्रभारी ने जिला कांग्रेस कमेटी में यात्रा एवं राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी राज. महासचिव सत्यवीर यादव, प्रदेशाध्यक्ष शिव प्रकाश नागा, किसान कांग्रेस के संयोजक हिमांशु शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, उपाध्यक्ष शिवजीराम मीणा,. राम लक्ष्मण साहू, पंकज यादव, पवन महावर, कैलाश सैनी, पीरूलाल सैनी, जर्रार खाँ, आशाराम चौधरी सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

जीवन अनमोल है, सड़कों को कार्य योजना बनाकर दुर्घटना मुक्त बनाएं : कलेक्टर

अलवर। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार को मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति व केंद्रीय सहकारिता समिति, केंद्रीय सहकारी बैंक एवं दुग्ध उत्पादक संघ की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. शुक्ला ने सडक सुरक्षा से जुडे विभागों की समीक्षा कर कहा कि जीवन अनमोल है। इसलिए सबकी प्राथमिकता जिले की सडकों को दुर्घटना मुक्त बनाने की होनी चाहिए। इसके लिए आपसी समन्वय रखते हुए कार्य योजना बनाकर उसे अमल में लाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि आईरैड पोर्टल की विगत तीन माह की रिपोर्ट का विस्तृत विश्लेषण कर संबंधित विभाग जिले की प्रमुख सडकों के दुर्घटना स्पॉट्स पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कार्य योजना

जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली।

बनाकर उसे अमल में लाएं।

उन्होंने निर्देश दिये कि दुर्घटना स्पॉट्स पर चेतावनी बोर्ड, साईनेज, ब्लिंकर, स्पीड ब्रेकर, रोड लाइट्स, बैरिकेटिंग, ट्रैफिक लाइट एवं आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरे इत्यादि लगाए जाने की कार्यवाही करें। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारी को जिले की सीमा से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर जहां गंभीर दुर्घटना की संभावना अधिक है उन ब्लैक स्पॉट सहित भूगोर तिराहा, बख्तल की चौकी एवं थानागाजी में निर्मित राजमार्ग पर कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई एवं यातायात पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिये कि हनुमान

- **सड़क सुरक्षा समिति व केंद्रीय सहकारिता समिति व सहकारी बैंक एवं दुग्ध उत्पादक संघ की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश**

चौराहे से बगड़ तिराहे तक रेलिंग की मरम्मत करवाने तथा इसी मार्ग पर ई-रिक्शा इत्यादि में लोकल सवारियों को बैठाने एवं उतारने के लिए सर्विस लेन का ही उपयोग करने के लिए प्रेरित कर पाबंद करें। उन्होंने निर्देशित किया कि दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे के बडोदामेव उतार से बगड़ तिराहा तक के स्ट्रेच का अवलोकन कर रोड लाइटे लगवाएं। उन्होंने एक्सप्रेस-वे पर जिले की सीमा में स्थित टोल पर दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए आवश्यक उपायों को स्क्रीन पर डिसप्ले करवाने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को जिले में ऐसे सड़क निर्माण कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, जिनके सुदृढ़ीकरण व मरम्मत करवाने से सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी आए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि प्रतापगढ़ से अजबगढ़ रोड पर अनावश्यक ब्रेकरों को हटवाए एवं आवश्यक साईनेज लगवाएं। उन्होंने नटनी के बारां से अलवर तक के सड़क निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर निश्चित समय सीमा में कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

725 वीं जयंती 25 अप्रैल को

कोटपूतली। सैन समाज के संत शिरोमणि सैन महाराज की 725 वीं जयंती शुक्रवार 25 अप्रैल को श्री सैन मंदिर विकास प्रबंधक एवं समाज उत्थान (रजि.) समिति के तत्वाधान में ग्राम पूतली स्थित श्री सैन मंदिर में मनाई जायेगी। इससे पूर्व बुधवार को जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह द्वारा सैन जयंती के पोस्टर का विमोचन किया गया। वहीं गांवों में प्रचार-प्रसार के लिये टीमें रवाना की गई। श्री नारायण सेना अध्यक्ष ओमप्रकाश सैन व परगना उप प्रधान संजय सैन खेडकी ने बताया कि सैन जयंती समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, विशिष्ठ अतिथि नारायणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सैन गहलोत, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, अति विशिष्ठ अतिथि संजय सैन, हंसराज कसाना होगें। जबकी अध्यक्षता विधायक हँसराज पटेल द्वारा की जायेगी।

बालाजी महाराज के मंदिर में चल रहे श्री मारुति महायज्ञ दूसरे दिन भी जारी

श्रीमाधोपुर । गढ़टकनेत की बड़ी ढ़ाणी रामसागर जोहड़ा स्थित श्री बालाजी महाराज के मंदिर में श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर श्री हरिदास जी महाराज एवं श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर भींवादास जी महाराज के सान्निध्य में मंगलवार को श्री मारुति महायज्ञ का विधि-विधान से शुभारंभ हुआ था वहां महायज्ञ के दूसरे दिन बुधवार को 51 हजार वाल्मिकीय सुन्दरकाण्ड की आहूतियां एवं श्रीराम मंत्र जाप का लक्ष्य रहा। यज्ञाचार्य पण्डित रतनलाल लाटा एवं मनोहर शर्मा के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चार से नौ दिवसीय एवं नौ कुण्डीय श्री मारुति महायज्ञ हवन-पूजा-धूप-दीप एवं आहूतियों के साथ चल रहा है।प्रधान कुंड सहित नौ कुंडों में बैठे जोड़ों द्वारा विधि-विधान से महायज्ञ को गति मिल रही है। सेवानिवृत्त ब्लाक आयुर्वेद चिकित्साधिकारी वैद्य कैलाश चन्द्र

- **वाल्मिकीय सुंदरकांड की 51 हजार आहूतियां एवं श्रीराम मंत्र का जाप होगा**

शर्मा आसपुरा एवं विप्र सेना के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिनेश गोविन्द शर्मा अजीतगढ़ के साथ-साथ महायज्ञ आयोजन समिति के मोतीलाल रुण्डला, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, बनवारीलाल रोलानिया, बाबूलाल रुण्डला, अशोक कुमार नटवाड़िया, शंकरलाल जांगिड़, पवन कुमार शर्मा, मुकेश कुमार नटवाड़िया, धोलूराम निठारवाल, सुनील कुमार एवं नरेन्द्र सामोता , ओमप्रकाश शर्मा, सुरेश जांगिड़ महायज्ञ आयोजन की सभी तरह की व्यवस्था को देखने का और भाग-दौड़ का कार्य करने में जुटे हुए हैं। महायज्ञ में पुरुषों के साथ -साथ महिलाएं भी मांगलिक परिधान पहने अपनी हाजिरी लगा रही हैं।

दोनों ही संतों का कहना है कि यज्ञ में दी जाने वाली आहूतियां देवताओं को तो प्रसन्नकरती ही करती हैं इनसे पर्यावरण भी शुद्ध होता है।विदित रहे कि महायज्ञ दो पारियों में संचालित किया जा रहा है ।पहली पारी सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पारी अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलाई जा रही है जिससे किसी को कोई बेवजह परेशानी ना उठानी पड़े। महायज्ञ में दस यजमान जोड़े मारुतिनंदन की आहूतियां देंगे जिससे जनकल्याण एवं लोगों की सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होगी।महायज्ञ को लेकर गढ़टकनेत सहित तमाम दर्जनों ढ़ाणियों एवं आसपास के गांवों -कस्बों में आध्यात्मिक माहौल बना हुआ है जिससे लोगों का आवागमन जारी है।

ग्रामीणो ने ज्ञापन सौंप जताई आपत्ति

मालपुरा। हाल ही मे ग्राम पंचायतो के किये गये परिसीमन के विरोध मे लाम्बद्ध हुये ग्रामीणो ने बुधवार को उपखण्ड अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंप परिसीमन पर जताई आपत्ति। राजपुरा पंचायत के ग्रामीणो ने एडवोकेट हरिनारायण गुर्जर,रामअवतार शर्मा सहित बडी संख्या मे ग्रामीणो के साथ मालपुरा पहुंच उपखण्ड अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंप नवीन परिसीमन पर नाराजगी जताते हुये अवगत करवाया कि राजपुरा पंचायत के मालपुरा पंचायत समिति क्षेत्र से हटाकर नवगठित पंचायत समिति पचेवर मे शामिल किया गया है। जो कि राजपुरा से 15 किलोमिटर दूर है। ऐसे मे ग्रामीणो को भारी समस्याओं का सामना करना पडेगा। राजपुरा को यथावत मालपुरा पंचायत समिति मे ही शामिल रखे। वही देवल्या पट्टी गुजरान के ग्रामीणो ने भी ज्ञापन सौंप देवल्या पट्टी गुजरान को नवगठित डूंगरी खुर्द पंचायत मे जोडने पर आपत्ति जता तिलांजू मे ही शामिल रखने की मांग की।

विकास कार्यों पर टिप्पणी को लेकर युवक की गिरफ्तारी का किया विरोध

पावटा। सोशल मीडिया के माध्यम से विकास कार्यों को लेकर आवाज उठाना उस पर टिप्पणी करना एक युवक को भारी पड़ गया है। प्रागपुरा थाना पुलिस ने युवक के खिलाफ परिवाद दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह के अनुसार भांकरी निवासी रामस्वरूप ने प्रागपुरा थाने में परिवाद दिया था कि विकास गिठाला पुत्र नंदू निवासी भांकरी आए दिन गांव

ग्रामीणों ने रिहाई को लेकर प्रागपुरा थाना परिसर में धरना दिया।

- **युवक पर गांव में आवारागर्दी, ग्रामीणों को परेशान व जान से मारने की धमकी देने का परिवाद पेश**
- **जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों का युवक को झूठे जुमलो में फंसाने का आरोप**

में आवारागर्दी करता है व ग्रामीणों को परेशान करता है। वही मुझे भी आए दिन परेशान करता है व जान से मारने की धमकी देता है। परिवाद को लेकर प्रागपुरा थाना पुलिस ने परिवाद लेकर युवक विकास गिठाला को गिरफ्तार कर लिया है। वही मामले की जानकारी मिलते ही सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड के नेतृत्व में जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने विकास गिठाला को झूठे जुमलो में फंसाकर गिरफ्तार करने का आरोप लगाया व विकास गिठाला की रिहाई को लेकर प्रागपुरा थाना परिसर में धरने पर बैठ गए व पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। मामले को लेकर सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड ने बताया कि ग्राम पंचायत भांकरी के रहने वाले एक युवक विकास गिठाला द्वारा चार पांच दिन पहले विकास कार्यों को लेकर सोशल मीडिया पर कोई टिप्पणी वायरल कर लिखा था कि विराटनगर विकास प्रगति पर है । सोशल मीडिया पर वायरल टिप्पणी को लेकर प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा विकास व उसके परिवार वालों को टॉर्चर किया जा रहा है। दो बार उसके घर भांकरी पुलिस द्वारा दबिश डाली गई।

मंगलवार को विकास को प्रागपुरा थाना बुलाकर बाधित कर झूठी धमकी देने की रिपोर्ट ली गई है। जिसने रिपोर्ट दी है रामस्वरूप उसने भी मना कर दिया कि मैने कोई रिपोर्ट नहीं दी है। वही धरनार्थियों ने प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह से जब इस बारे में बात कि गई कि इसने किसको धमकाया, किसे जान से मारने की धमकी दी। जिस पर वह स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए व विकास को 151 के तहत बंद करना बताया जिस पर धरनार्थियों ने उसे रिहा करने की बात कही तो सुबह छोड़ने के लिए कहा गया।

हजरत बाबा बुर्हानुद्दीन चिश्ती का 5 दिवसीय वार्षिक मेला 17 से

मनोहरपुर। ताला ग्राम पंचायत की ऊंची डूँगरी पर विराजमान हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतिक हजरत बाबा बुर्हानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला आलेह का पांच दिवसीय वार्षिक मेला 17 अप्रैल गुरुवार को झंडे के रस्म के साथ में विधिवत शुरू होगा जो की 20 अप्रैल रविवार को कूल की रस्म के साथ में विधिवत शहरी मेला संपन्न होगा इसके बाद में 21 अप्रेल सोमवार को गुदड़ी मेला भरेगा।

ग्राम पंचायत ताला के सरपंच अमीर खान शेख़ ने बताया कि 17 अप्रैल गुरुवार से शुरू होने वाले पांच दिवसीय सालाना मेले का आगाज दरगाह के बुलंद दरवाजे पर झंडे की रस्म के साथ होगा 5 दिवसीय उर्स को लेकर दरगाह कमेटी सदस्य तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे हैं

दरगाह के खादिमान ने बताया कि 17 अप्रैल को पहाड़गंज जयपुर व भीलवाड़ा से आने वाले जायरीनों का जत्था बाण गंगा नदी पुलिया पर शाम 5 बजे असर की नमाज़ अदा कर जुलूस के रूप में दरगाह पहुंचेंगे इसके बाद वहां बुलंद दरवाजे पर झंडे की रस्म के साथ मेले का आगाज होगा !उर्स की व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी सतर्क है ! ताला दरगाह के खादिमान ने बताया कि मेले की व्यवस्था को लेकर दरगाह कमेटी तैयारियों में जुटी हुई है

दरगाह के खादिमानो ने बताया कि 18 अप्रेल शुक्रवार को जुम्मे की नमाज पढ़ी जाएगी रात्रि 9 बजे बाद शाम को मिलाद शरीफ तकरीर व राजस्थान की प्रसिद्द कव्वाल पार्टियों द्वारा महफ़िल ए शमा का आयोजन होगा जिसमें सम्पूर्ण रात्रि तक बाबा की मान मनुहार की जाएगी ! इसी प्रकार 19 अप्रैल शनिवार को रंग बिरंगे कपड़ो में सज संवर कर विभिन्न वाहनों में सवार होकर बाबा के गीत गाते हुए हिन्दू मुस्लिम जायरीनों के जत्थे आएंगे इसके बाद चावल व दाल की किंदूरी बनाकर बाबा के पेश करेंगे ! ईशा की नमाज के बाद में मिलाद ए पाक होगी इसके बाद में रात्रि 11 बजे बाद में महफ़िल ए शमा होगी इसमे भारत देश की मशहूर कव्वाल पार्टियों द्वारा बाबा की मान मनुहार की जाएगी !

इसी प्रकार 20 अप्रेल रविवार को सुबह 11 बजे सामूहिक कव्वाल पार्टियों द्वारा कूल की रस्म की अदायगी होगी इसी के साथ मे शहरी मेला सम्पन होगा ! इसके बाद चद्दर गलेफ इत्र अगरबती फूल चढ़ाने की रस्म होगी इसी के साथ जात जड़ूले की रस्म की अदायगी होगी इसी प्रकार मंत्री से लेकर सन्तरी तक बाबा के दरबार मे हाजरी देंग।

बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर पावटा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

पावटा। बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर पावटा के तत्वावधान एवं बाबा जयराम दास महाराज के सान्निध्य में स्व.बंशीधर अग्रवाल व स्व.कमल कुमार अग्रवाल की पुण्य स्मृति में बाबा बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा कमेटी के सौजन्य व मंगल चंद पवन कुमार गर्ग कैलाश क्लॉथ स्टोर के नेतृत्व में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन मुख्य यजमान भगवती देवी, विमल गर्ग, नवल गर्ग, केशव कमल गर्ग द्वारा परिवारजनों के साथ श्रीमद् भागवत कथा में आरती कर कथा का शुभारंभ किया गया।

मंगलवार को कथावाचक पंडिता अखिलेश्वरी देवी मानस माधुरी जालौन चित्रकूट धाम मध्यप्रदेश द्वारा कथा प्रसंग में भगवान के 24 अवतार की कथा, शिव सती कथा (शिव-पार्वती विवाह), भक्त और भगवान की प्रेम कथा का वर्णव किया गया। कथावाचक पंडिता अखिलेश्वरी देवी ने भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों का वर्णन किया। इनमें मत्स्य, कच्छप, वाराह,

श्रीमद् भागवत कथा में आरती कर कथा का शुभारंभ किया।

नृसिंह, परशुराम, राम और कृष्ण प्रमुख हैं। उन्होंने समुद्र मंथन की कथा का विस्तार से वर्णन किया। पंडिता अखिलेश्वरी देवी ने बताया कि मानव मन एक सागर की तरह है। अच्छे और बुरे विचारों का द्वंद्व देवता और दानवों के मंथन जैसा है। जिस व्यक्ति के अंदर दानव जीतते हैं, उसका जीवन दुखों से भर जाता है। देवताओं की जीत से जीवन सुखमय बनता है। कथावाचक पंडिता अखिलेश्वरी देवी ने शिव-पार्वती की कथा सुनाई। उन्होंने अहंकार के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। दक्ष और नारद के उदाहरण देकर समझाया कि अहंकार विनाश का कारण बनता है। वही आयोजकों द्वारा कथा में पधारे संतों का श्री मंगलदास महाराज भरतदास जी बगीची, श्री श्री 1008 श्री राम रिछपाल देवाचार्य त्रिवेणी धाम, श्री जयराम दास त्यागी भूतनाथ जोहड़ा धाम, श्री कैलाश दास महाराज अयोध्या धाम का स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर दौलत अग्रवाल ठिकरिया वाले, उमाकांत बंसल, अश्वनी शर्मा सहित

- **भक्ति के बिना नहीं छूटता सांसारिक मोह, भक्ति से ही शांति मिलेगी, निंदा करने वाले पर क्रोध न करें-अखिलेश्वरी दीदी**

बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा कमेटी संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, मामराज व अध्यक्ष विकास शर्मा,जम्मन राठी, संतोष गुप्ता, सुशील गौड, गोपाल, अध्यक्ष विकास शर्मा, उपाध्यक्ष विनय गोयल, कोषाध्यक्ष जुगल सोनी, सचिव आकाश शर्मा, कार्यकर्ता लोकेश टांक, विनीत शर्मा, विजय शर्मा, अमन शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा ,कालूराम प्रजापत, अमित शर्मा, अमित बटवाल, अमित शर्मा, महेंद्र कुमावत, पूरण कुमावत, प्रदीप टांक सहित कमेटी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित अन्य सदस्य और सैकड़ों की संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस मनाया

श्रीमाधोपुर। अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस 2025 में सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत अप्रैल माह का कार्यक्रम" म्हारो खातों म्हारो बैंक " का आयोजन सीकर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के तत्वाधान से बैंक शाखा श्रीमाधोपुर में किया गया। जिसमें महात्मा गांधी कॉलेज श्रीमाधोपुर एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, श्रीमाधोपुर क्षेत्र के डेयरी संचालकों बैंक शाखा श्रीमाधोपुर के ऋणपर्यवेक्षक/ व्यवस्थापकों ने भाग लिया । बैंक की अधिशासी अधिकारी डॉ ज्योति ने सहकार से समृद्धि के मूल मंत्र एवं सहकारिता के मूल ढांचे के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी साथ ही डेयरी के खाते सहकारी बैंक में खोलने एवं डिपॉजिट जमा करवाने हेतु प्रोत्साहित किया। विभाग के सहायक रजिस्ट्रार हरि सिंह चौधरी, मुख्य व्यवस्थापक एवं हंसराज लेखापाल क्रय विक्रय सहकारी समिति श्रीमाधोपुर ने छात्र-छात्राओं को क्रय विक्रय सहकारी समिति के कार्य निष्पादन एवं कार्य प्रणाली से अवगत करवाया।

सार-समाचार

जयपुर ग्रामीण सांसद को ज्ञापन सोंपा

सांभरझील, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज जिला जयपुर ग्रामीण एवं राजस्थान पेंशनर समाज जयपुर शहर के समस्त पदाधिकारियों ने राजस्थान पेंशनर समाज ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह को प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री के नाम से ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में केंद्र सरकार से सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने की मांग की गई। पदाधिकारी शंकर सिंह मनोहर ने बताया कि यह विधेयक पेंशनरों के हितों पर सीधा हमला है।सरकार ने 31 दिसंबर 2025 से पहले और 1 जनवरी 2026 के बाद सेवानिवृत होने वालों को दो हिस्सों में बांट दिया है। इससे भेदभाव हुआ है। यह संविधान के अनुच्छेद 14 और सुप्रीम कोर्ट के डीएस नकारा केस में 17 दिसंबर 1982 को दिए गए फैसले के खिलाफ है। पेंशनर समाज ने केंद्र सरकार के इस कदम के विरोध में आंदोलन का निर्णय लिया है। ज्ञापन में प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री से विधेयक वापस लेने व पेंशनरों के हितों की रक्षा की मांग की गई है। जयपुर ग्रामीण सांसद ने आश्वासन दिया कि प्रदेश के मुखिया के द्वारा प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री को भिजवा दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में पेंशनर समाज जयपुर ग्रामीण व जयपुर शहर के कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर ने मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण

बौंली -बामनवास। सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने बुधवार को पंचायत समिति बामनवास की ग्राम पंचायत डाबर एवं बाढ, मोहनपुरा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) के तहत संचालित विभिन्न कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया । निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने कार्यस्थल पर श्रमिकों की उपस्थिति उनके लिए छाया पानी मेडिकल जैसी मूलभूत सुविधाओं कार्य के गुणवंता निर्धारित समय सीमा के अनुसार संपूर्ण कार्य प्रगति की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने विकास अधिकारी बामनवास को निर्देश दिए कि मनरेगा के अंतर्गत संचालित सभी कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता उत्तरदायित्व एवं श्रमिकों को समय पर भुगतान की व्यवस्था कर कार्यों की गुणवता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इस दौरान ग्राम पंचायत डाबर के मेट को जिला कलेक्टर ने ब्लैक लिस्टेड करने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी सुनील कुमार मीणा, विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार मीणा, बामनवास तहसीलदार, एमआईएस मैनेजर थानवेंद्र अग्रवाल, जीटीएस लोकेश शर्मा सहित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं नरेगा श्रमिक उपस्थित थे।

जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से मिलकर किया संवाद

टोंक। भारतीय जनता पार्टी टोंक जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर आत्मीय मुलाकात की एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से कार्यालय पर मुलाकात कर टोंक जिले के विकास, संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक संवाद किया, साथ ही उपमुख्यमंत्री को टोंक पधारने का आमंत्रण दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने देश व प्रदेश की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आव्हान किया, जिस पर जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं के चलते राजस्थान व टोंक में जनता के प्रति भरोसा मजबूत हुआ है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना,पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष हंसराज धाकड़, पूर्व मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, विनायक जैन मौजूद रहे।

मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

निवाई। पुलिस वार्ताधिकारी कार्यालय में बुधवार को ऑटोमोबाइल मार्केट एसोशियसन के पदाधिकारियों ने सोमवार की रात में एक मिस्त्री पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर डीवाइएसपी मृत्युंजय मिश्रा को ज्ञापन सोपा है। ज्ञापन में बताया कि 14 अप्रैल की रात करीब 9:11 बजे ट्रैक्टर मिस्त्री हंसराज सैनी पुत्र प्रकाश सैनी निवासी कालू पटेल की ढाणी हनुमान नगर के पास अज्ञात व्यक्तियों ने मोबाइल फोन करके उसको दादू दयाल आश्रम के पास उनके ट्रैक्टर को ठीक करवाने का बहाना बनाकर बुला लिया। मिस्त्री के दादू दयाल आश्रम के पास पहुंचते ही आरोपियों ने उसकी हत्या करने के उद्देश्य से उस पर लाठियां एवं सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको मरा हुआ समझकर आरोपी फरार हो गए। ज्ञापन में बताया कि उक्त मामले को लेकर पुलिस थाने में भी मामला दर्ज करवाया है लेकिन अभी तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। जिससे ऑटोमोबाइल मार्केट एसोशियसन में भारी आक्रोश व्यवस्था है। ज्ञापन में चेतावनी देते हुए बताया कि 2 दिन में आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में एसोशियसन के अध्यक्ष बजरंगलाल चौधरी, संरक्षक छीतरमल कुमावत, विनोदकुमार अग्रवाल, छोटूलाल माली, रघुवीर शर्मा, सांवरमल शर्मा, जीवतराम यादव, पार्षद अल्लारखा, देवालाल गुर्जर, केदार कुमावत, मुकेश माली, राहुल सैनी, अकिल मंसूरी एवं हनुमान जाट सहित मिस्त्री मार्केट के कई मिस्त्री व दुकानदार मौजूद थे।

आपत्ति की अन्तिम तिथि आज

कोटपूतली। नगर परिषद कोटपूतली के वार्डो के सीमांकन पर आपत्ति की अन्तिम तिथि गुरूवार 17 अप्रैल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार तक कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्तियां व सुझाव उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली, तहसीलदार कोटपूतली, नगर परिषद कोटपूतली के आयुक्त व जिला कलक्टर कार्यालय में व्यक्तिगत या डाक द्वारा भेज सकता है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग ने 21 अप्रैल 2022 को अधिसूचना जारी करते हुये कोटपूतली नगर पालिका को द्वितीय श्रेणी नगर पालिका से सीधे राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत नगर परिषद में क्रमोन्नत किया था। जिसके तहत जारी की गई अधिसूचना दिनांक 30 नवम्बर 2022 व 24 मार्च 2025 के तहत नगर परिषद के सीमा क्षेत्र में लगभग 20 ग्राम पंचायतों का क्षेत्र शामिल करते हुये वृद्धि की गई थी। जिसके बाद नगर परिषद में लगभग 01 लाख 29 हजार मत हो चुके है। जिन्हें स्वायत्त शासन विभाग द्वारा आवंटित किये गये 60 नगरीय वार्डो में विभाजित किया गया है। विगत 28 मार्च को इसका प्रारूप प्रकाशित करते हुये 21 दिवस की आपत्तियां आमंत्रित की गई है।

6 मई तक दर्ज करा सकते है आपत्तियां

टोंक। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 10 एवं 101 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने जिले की पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों का पुनर्सीमांकन, पुर्नगठन एवं नव सृजन किया है, इसका 7 अप्रैल 2025 को प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया है। प्रारूप प्रकाशन के एक माह की अवधि 6 मई 2025 तक जनसाधारण अपनी आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि अवधि समाप्ति से पूर्व कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्तियां उपखंड अधिकारी, तहसीलदार एवं जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में दे सकते है।

अखेराज सिंह को मिला पुलिस पदक

मालपुरा। मालपुरा निवासी नवीं बटालियन आरएसी मे कार्यरत पुलिस उपनिरीक्षक अखेराज सिंह को राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर मे पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह मे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त पुलिस पदक से किया सम्मानित। मालपुरा निवासी अखेराज को मिले इस सम्मान पर क्षैत्रवासियो ने हर्ष व्यक्त कर दी बधाई।